


सांध्य दैनिक

# 4PM

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 9 ● अंक: 216 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, मंगलवार, 12 सितम्बर, 2023

मूल्य ₹ 3/-


जिद...सच की



मैं श्रम की गरिमा में यकीन रखता हूं, चाहे वो दिमाग से हो या हाथ से, दुनिया किसी की जीविका के लिए जिम्मेदार नहीं है पर यह हर व्यक्ति को जीविका के अवसर देने के लिए जिम्मेदार है।

-जॉन डी. रॉकफेलर


कुलदीप के 'पंजे' में आये पाकिस्तानी... 7 | सियासी बयानों से गूंजने लगे... 3 | विकास के नाम पर प्रदेश को मिला... 2


# पीओके को भारत में मिलाने के बयान पर छिड़ा घमासान

» विपक्ष के निशाने पर आए केंद्रीय मंत्री वीके सिंह
» आप व शिवसेना (यूबीटी) ने खोला मोर्चा
» राउत बोले- उसी समय कोशिश करते जब वह सेना प्रमुख थे
» मूल समस्याओं से ध्यान भटकाना चाहती है मोदी सरकार : भारद्वाज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह के पीओके के ऊपर दिये बयान पर सियासत भी गरमा गई है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने हालांकि इसका समर्थन किया है परंतु साथ ही वीके सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि अपने सेनाध्यक्ष के कार्यकाल में ही उन्हें ऐसा करना चाहिए था। वहीं आप नेता सौरभ भारद्वाज नेकहा कि केंद्रीय मंत्री चीन से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे बयान दे रहें है। राउत ने कहा हमने हमेशा सपना देखा है कि अखंड भारत हो।

हम हमेशा कहते हैं कि पीओके हमारा है। लेकिन जब पूर्व सेना प्रमुख पद पर थे, तो उन्हें कोशिश करनी चाहिए थी फिर इसे अपना बनाने के लिए।

## थोड़ा सा इंतजार करें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर अपने आप भारत में शामिल हो जाएगा : वीके सिंह

केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने देशवासियों से कहा कि वह थोड़ा सा इंतजार करें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर अपने आप भारत में शामिल हो जाएगा। उनका यह बयान तब आया जब गिलगित बाल्टिस्तान में ऊंचे स्वर में मांग उठ रही है कि कारगिल का रास्ता खोल दिया जाए, वहां की जनता भारत में शामिल होना चाहती है। अब लोकसभा चुनाव 2024 से पहले वीके सिंह का यह बयान मोदी सरकार की मंशा को जाहिर कर रहा है। केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह के अनुसार, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का जल्द ही भारत में विलय हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता की टिप्पणी तब आई जब उनसे उनकी पार्टी के रुख के बारे में पूछा गया। पीओके के लोगों की मांग है कि इस क्षेत्र का भारत में विलय किया जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने राजस्थान के दौसा में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा (पीएसवाई) कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कहा पीओके अपने आप भारत में विलय हो जाएगा, कुछ समय इंतजार करें। उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब उनसे पीओके में शिया मुसलमानों की भारत के साथ सीमा खोलने की मांग के बारे में पूछा गया।



## चीन से ध्यान भटकाने की कोशिश : भारद्वाज



पीओके पर केंद्रीय मंत्री व पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह के बयान पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है, वीके सिंह चीन से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। यह सच है कि चीन ने भारतीय क्षेत्र के एक बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया है।



## अभी तो फिलहाल मणिपुर में शांति बनाएं : राउत


शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि हमने हमेशा सपना देखा है कि अखंड भारत हो। हम हमेशा कहते हैं कि पीओके हमारा है। लेकिन जब पूर्व सेना प्रमुख पद पर थे, तो उन्हें कोशिश करनी चाहिए थी फिर इसे अपना बनाने के लिए। अब आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? अगर इस दिशा में कोई प्रयास किया जाता है तो हम इसका स्वागत करेंगे लेकिन उससे पहले मणिपुर को शातिपूर्ण बनाएं। चीन मणिपुर तक पहुंच गया है। राहुल गांधी कहते हैं कि चीन ने लद्दाख में प्रवेश किया है और हमारी जमीन ले ली है। अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों को चीन अपने नक्शे पर दिखा रहा है पहले इसे ख़त्म करें।

# राजद्रोह के कानून पर बनेगी संविधान पीठ : सीजेआई

» 124ए के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। राजद्रोह की धारा 124ए के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है, सीजेआई इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अदालत तय करे कि क्या इस मामले को संविधान पीठ में भेजना चाहती है, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि एक नया कानून लंबित है तो सीजेआई ने पूछा कि इसमें क्या कहा गया है, वहीं सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि यह तो और बुरा है।



सीजेआई ने यह माना कि कानून लागू हो जाता है तो ये भविष्य के मामलों को कवर करेगा। जहां तक 124ए से संबंधित हैं वो केस जारी रहेंगे, इसके लिए हमें पांच जजों की संविधान पीठ बनानी होगी। यह संवैधानिकता को कायम रखने वाले फैसले का मामला है, केदारनाथ मामले में पांच जजों ने राजद्रोह को बरकरार रखा था तो क्या 3 जजों की बेंच फैसला पलट सकती है जब तक केदारनाथ फैसला लागू है राजद्रोह का कानून वैद्य है।

# लालू पर केस चलाने को केंद्र की मंजूरी

» लैंड फॉर जॉब्स केस में सरकार से सीबीआई ने मांगी थी इजाजत
» तेजस्वी की चार्जशीट पर अब 21 सितंबर को सुनवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। लैंड फॉर जॉब्स मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू यादव पर केस चलेगा। केंद्र सरकार से सीबीआई को इसकी इजाजत मिल चुकी है। 1 महीने पहले सीबीआई ने केंद्र से लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की इजाजत मांगी थी। सीबीआई ने आज दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कथित लैंड फॉर जॉब्स केस में ताजा आरोप पत्र के संबंध में गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।

## पिछले साल मई और अगस्त में सीबीआई ने मारे थे छापे

सीबीआई ने पिछले साल मई में लालू, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव समेत करीबियों के 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद ईडी ने लालू-राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती, चंदा यादव, रागिनी यादव और तेजस्वी से पूछताछ की थी। 2004 से 2009 तक लालू प्रसाद केंद्रीय रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू प्रसाद ने पद पर रहते हुए परिवार को जमीन ट्रांसफर के बदले रेलवे में नौकरियां दिलवाईं। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया है कि रेलवे में की गई भर्तियां भारतीय रेलवे के मानकों के दिशा निर्देशों के अनुरुप नहीं थीं।

सीबीआई ने बताया कि हमने लालू के अलावा रेलवे के 3 अधिकारियों के खिलाफ भी केस चलाने की मंजूरी मांगी थी। जो फिलहाल नहीं मिली है। उम्मीद है कि एक हफ्ते में इजाजत मिल जाएगी। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज होने वाली सुनवाई टल गई है। 21 सितंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की गई है। सूत्रों की मानें तो लैंड फॉर जॉब्स मामले में यह नया केस है। पुराने केस में पहले ही लालू यादव, राबड़ी देवी और बेटी सांसद मीसा भारती जमानत पर हैं।



# विकास के नाम पर प्रदेश को मिला सिर्फ धोखा : अखिलेश

» बोले- स्मार्ट सिटी के नाम पर हुई जमकर लूट व भ्रष्टाचार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बारिश के बाद प्रदेश के शहरों में मची तबाही को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर प्रदेश की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी के नाम पर आए बजट में जमकर लूट और भ्रष्टाचार हुआ, जिसका नतीजा सबके सामने है। राजधानी लखनऊ समेत अन्य जिलों में हुई बरसात से हालात खराब हैं।

बारिश से भाजपा की स्मार्ट सिटी बह गई। सपा अध्यक्ष ने जारी अपने बयान में कहा कि लखनऊ में हर जगह भारी जलभराव की स्थिति है। कई कालोनियों में पानी भर गया। हजारों घरों और दुकानों में पानी घुस गया। भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई। वर्षों से नगर निगम पर काबिज भाजपा ने राजधानी लखनऊ की सीवर और सफाई व्यवस्था के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश की जनता जानना चाहती हैं कि स्मार्ट सिटी के नाम पर दिए गए सैकड़ों करोड़ रुपए के बजट का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं करती है।



## सपा के विकास कार्यों को इस सरकार ने रोका

बीते सात साल में प्रदेश के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा ने सपा सरकार में हुए विकास कार्यो को भी रोक दिया, जिसकी वजह से राजधानी सहित अन्य शहरों में लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है। बारिश से लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, झांसी, बहराइच, संभल समेत अन्य जिलों की जो स्थिति है, उसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा सरकार के विकास और सुशासन के सारे दावे हवाई हैं। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में कुशासन और अराजकता की प्रतीक बन गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम जनता त्रस्त है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, खाने-पीने की चीजों की कीमतें पहले से आसमान छू रही हैं। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल है। उन्होंने कहा कि दवाओं की महंगाई और महंगे इलाज ने लाखों परिवारों की कमर तोड़ रखी है। अब सरकार भवन निर्माण सामग्री पर नए सिरे से जीएसटी थोपकर घर बनाना भी महंगा करने की तैयारी में है। ईंट, मौरंग, बालू और गिट्टी पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने से गरीबों पर और मध्यम वर्ग पर बड़ा बोझ पड़ेगा। कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को उसके झूठे वादों की सजा देगी। घोसी उपचुनाव के परिणाम से जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि अब वह भाजपा सरकार को और बर्दाश्त नहीं करेगी। दूसरी ओर, सपा अध्यक्ष ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136 वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया। कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा।

### चमन महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने सिद्धार्थनगर निवासी चमन आरा को समाजवादी महिला सभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। मालूम रहे कि चमन आरा नगर पालिका परिषद बांसी की अध्यक्ष हैं।

# ड्रामा कर रहे मोदी : ललन

» पीएम का जन्म पिछड़ा वर्ग में नहीं हुआ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नालंदा। नालंदा में जदयू का कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह समेत सांसद, विधायक, विधान पार्षद समेत कई मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देश नहीं चला रहे बल्कि ड्रामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बार बार यह कहा जाता है कि नरेंद्र मोदी बचपन में रेलवे स्टेशनों पर चाय बेचते थे, तो कोई यह भी तो बताये कि वह किस स्टेशन पर चाय बेचते थे। आज तक वह कभी नहीं बोले कि किस स्टेशन पर चाय बेचते थे। कई राज्यों में तो अति पिछड़ा वर्ग है ही नहीं।

जो देश के प्रधानमंत्री हैं वह भी कई बार अति पिछड़ा बन जाते हैं। ललन सिंह ने कहा कि गुजरात में तो अति पिछड़ा वर्ग है ही नहीं, गुजरात में पिछड़ा वर्ग है। जिस समाज में जिस जाति में वह पैदा लिए उस समय वह पिछड़ा वर्ग नहीं था। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब उस जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया। ललन सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने नेता नीतीश कुमार पर गर्व करना चाहिए कि आज तक उन पर कोई दाग नहीं लगा है। जहां पर भी हम उनका नाम लेते हैं हमें गर्व की अनुभूति होती है, और लोग सम्मान के साथ नीतीश कुमार जी का नाम लेते हैं। ललन सिंह ने कहा कि आज बिहार में जो काम काम हुआ है उसका अनुकरण देश के कई अन्य राज्य कर रहे हैं। बिहार पहला राज्य है जहां 20त्न अति पिछड़े लोगों को पंचायती राज व्यवस्था में लाने का काम किया, जिसका अनुकरण कई राज्यों ने किया।

# भाजपा-जजपा सरकार लूट और झूठ की राजनीति कर रही : अभय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। भाजपा-जजपा साझी सरकार लूट और झूठ की राजनीति कर रही है। वहीं, कांग्रेस में फूट का आलम ये है कि अगर उसके सभी नेता एक मंच पर बैठ जाए तो धारा 302 या 307 अवश्य लगेगी। ये बात इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने हरियाणा के चरखी दादरी में कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने लोहारू रोड स्थित देहाती ठाठ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में 25 सितंबर के सम्मान दिवस कार्यक्रम का न्योता भी दिया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में जनता 1987 का इतिहास दोहराकर इनेलो को दोबारा से प्रदेश की सत्ता सौंपेगी।



चौटाला ने कहा कि इनेलो की परिवर्तन यात्रा के तहत पदाधिकारियों ने 2000 हजार शहर और कस्बे कवर कर लोगों के मन की बात जानी। उस दौरान लोगों ने कहा कि जजपा-भाजपा के कुशासन से वो तंग हैं।

# कांग्रेस को मिल रहे समर्थन से भाजपा हताश

» कमलनाथ बोले- भाजपा की सामूहिक विदाई का आ गया समय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले आरोप प्रत्यारोप से सियासी परा चढ़ा हुआ है। पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। कमलनाथ ने कहा कि मप्र में जिस प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेतागण अपने साक्षात्कारों में उनकी अपनी ही पार्टी द्वारा अपनी अवहेलना, उपेक्षा और अपमान की सरेआम बात कर रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस के प्रति जन-समर्थन देखकर भाजपा पहले से हताश हो चुकी है और दिखावटी चुनाव लड़ रही है, इसीलिए न उसके पास रणनीति है न सेनापति।



इसीलिए न वो वरिष्ठों को महत्व दे रही है न कनिष्ठों को। कमलनाथ ने कहा कि भाजपा दिल्ली से ही मप्र का चुनाव संचालित करके दिखा रही है कि उसे न तो मप्र के नेतृत्व पर विश्वास है, न नेताओं और संगठन पर। उन्होंने कहा कि दूर से राजतंत्र चलाए जाते हैं लोकतंत्र नहीं क्योंकि लोकतंत्र की दिशा नीचे से ऊपर की ओर होती है न कि ऊपर से नीचे, लेकिन ये बात अलोकतांत्रिक भाजपा की समझ में नहीं आयेगी।

## भाजपा के इशारे पर थानों में हो रही नियुक्ति : गोविंद सिंह

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें भिंड एसपी मनीष खत्री पर भाजपा के इशारे पर थाना प्रभारियों की पदस्थापना करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा कि भिंड जिले में ब्राह्मण, राजपूत समेत अधिकाशं जाति के मतदाता अपनी जातियों के प्रत्याशियों को मतदान करते है। उन्होंने लिखा कि लहार विधानसभा क्षेत्र में मेरे अनुरोध करने के बाजवूद पुलिस अधीक्षक ने अधिकाशं थानों में ब्राह्मण थाना प्रभारियों की तैनाती कर दी। इनमें से अधिकतर थाना प्रभारियों के रिश्तेदार भाजपा के नेता है। उन्होंने कहा कि लहार, मेहगांव और अटेर में मंत्रियों के हिसाब से थानेदारों की तैनाती की गई। लहार में ज्यादातर थानेदार ब्राह्मण समाज के है। गोविंद ने लिखा कि जिस तरीके से जिम्मेदारी दी गई। थानेदारों को उससे निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है।

# गरीब मरीजों पर अत्याचार कर रहे एलजी : सौरभ

» केजरीवाल सरकार ने कहा- दिल्लीवालों के स्वास्थ्य पर चिंतित नहीं उपराज्यपाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएमएचए) के गठन के साथ उपराज्यपाल के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने निशाना साधा है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल यदि दिल्लीवालों के स्वास्थ्य को लेकर इतने ही चिंतित हैं तो उन्हें उन अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने मोहल्ला क्लीनिक में डॉक्टरों का वेतन रोका। कंप्यूटरीकृत ओपीडी काउंटर अचानक बंद किया। गरीब मरीजों के लिए मुफ्त प्रयोगशाला सेवाएं बंद करने की साजिश रची।

लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल एसएमएचए में अपने विवेक के अनुसार सदस्यों की सिफारिश करना चाहते हैं। यही वास्तविक कारण है कि एलजी एसएमएचए में विशेषज्ञों को सदस्य के रूप में नामित नहीं किए जाने से इतने नाखुश हैं। इसके अलावा एलजी इसलिए भी नाखुश हैं क्योंकि मैंने प्रगति मैदान में भारत मंडपम में जलभराव की समस्या को उठाया। जी 20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को कोई धन मुहैया नहीं कराया। बता दें कि एलजी ने आदेश दिया है कि जल्द से जल्द एसएमएचए में सेवानिवृत्त मनोचिकित्सक, एक मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, एक मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता, एक नैदानिक मनोवैज्ञानिक, एक मानसिक स्वास्थ्य नर्स (सभी 15 वर्ष के अनुभव के साथ), दो मानसिक रोगियों का प्रतिनिधित्व करने वाले, दो ऐसे मरीजों की देखभाल करने का प्रतिनिधित्व करने वाले, दो व्यक्ति गैर सरकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वालों को शामिल किया जाए। यह सभी मानसिक बीमारी से पीड़ति लोगों को सेवाएं प्रदान करने का अनुभव रखते हो।



## दिल्ली की सुंदरता जी-20 तक नहीं रहेगी सीमित : मेयर

सिविक सेंटर में मीडिया से बात करते हुए मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के 12 हजार कर्मचारियों ने विशेष ड्यूटी के दौरान दिन-रात एक कर दिल्ली को चमकाया। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और दिल्ली को देश का नंबर-1 शहर बनाएंगे। इसे 365 दिन साफ और सुंदर रखा जाएगा। उन्होंने दिल्लीवासियों से इसके लिए सहयोग करने की अपील की। मेयर ने दिल्ली की जनता से अपील कि वह इसी प्रकार दिल्ली को सुंदर व साफ सुथरा बनाए रखें और नगर निगम का सहयोग करें। दिल्ली सरकार के सहयोग से नगर निगम सभी परियोजनाओं व विकास कार्यों को पूरा करेगा। सफाई व्यवस्था, स्कूलों, पार्कों में सुधार पर विशेष बल दिया जाएगा।



# सियासी बयानों से गूंजने लगे आसमान

» सत्ता से लेकर विपक्ष तक चुनावी मोड में
» 2024 लोस चुनाव को लेकर शुरू हुई तैयारी
» कांग्रेस व बीजेपी एक-दूसरे पर हमलावर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। जैसे-जैसे 2024 के चुनावों की सुगबुगाहट शुरू हुई है नेताओं के जुबान भी तेज हो गई है। सत्ता पक्ष व विपक्ष एक-दूसरे पर हमले का कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहते हैं। जी-20 का शिखर सम्मेलन खत्म हो चुका है। विदेशी मेहमान जा चुके है। उस आयोजन में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को नहीं बुलाने पर जहां देश की सबसे पुरानी पार्टी भाजपा की मोदी सरकार को अहंकारी बताकर उसकी तीखी आलोचना कर रही है।

वहीं टीमएसी के उस कार्यक्रम में पहुंचने पर कांग्रेस ने ऐतराज जताया हैं। तो वहीं कांग्रेस नेता थरूर द्वारा कार्यक्रम की तारीफ करने से बीजपी खुश है। उधर इसी कार्यक्रम में नीतीश कुमार द्वारा पीएम मोदी से गर्मजोशी से मिलने पर भी सियासी गलियारों में कयास लगने शुरू हो गए हैं। तो उधर विदेश में राहुल गांधी ने बीजेपी को घेरते हुए कहा है कि उसका हिंदु धर्म से कोई लेना देना नहीं है जबकि राजस्थान में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने भी मोदी सरकार पर हमला बोला है। कुल मिलाकर सारे दल व नेता चुनावी मोड में आने लगे हैं।



## दिग्गज कांग्रेस नेता नाथूराम मिर्धा की पोती ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी बीजेपी में शामिल

राजस्थान में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा जब नेता ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। ये नेता दिल्ली में राजस्थान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में भगवा पार्टी में शामिल हुए। यह बात राजस्थान के बर्खास्त मंत्री और बसपा से कांग्रेस में आए विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा के शनिवार को शिवसेना में शामिल होने के बाद आई है। ज्योति मिर्धा ने महत्वपूर्ण नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। ज्योति मिर्धा ने कहा, मैंने कांग्रेस सांसद के रूप में शुरुआत की। प्रधानमंत्री महत्वपूर्ण नेतृत्व दे रहे हैं, भारत दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहा है, जबकि कांग्रेस इसके ठीक उलट काम कर रही है। वहां मेरे पास मौके कम थे। राजस्थान में कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। यहां कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है। मैं पार्टी को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए काम करूंगा। इसे कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि वह जाट समुदाय में प्रभावी मानी जाती है और यह समुदाय चुनावों में अहम भूमिका निभाता है। राजस्थान की राजनीति में ज्योति मिर्धा एक बड़ा नाम हैं। वह एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से आती हैं। जाट नेता ज्योति मिर्धा पश्चिमी राजस्थान के दिग्गज कांग्रेस नेता नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। नाथूराम मिर्धा का राजनीतिक करियर लंबा और प्रतिष्ठित था, उन्होंने छह बार संसद सदस्य और चार बार विधान सभा सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में मंत्री पद भी संभाला। राजस्थान की राजनीति में उनकी विरासत और प्रभाव महत्वपूर्ण रहा है। ज्योति ने अपना पहला चुनाव साल 2009 में लड़ा था। नागौर की जनता ने ज्योति को भारी मतों से वोट देकर लोकसभा भेजा था। इसके बाद 2014 में मोदी लहर के दौरान ज्योति बीजेपी के सीआर चौधरी से लोकसभा चुनाव हार गईं. हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने ज्योति को फिर से मैदान में उतारा।

## आमजनता को राहत देने वाली सरकार वापस लाएं : प्रियंका

प्रियंका गांधी ने कहा कि राजस्थान में जिस तरह 5 साल कांग्रेस सरकार ने राज किया, वैसी ही सरकार आपको वापस लानी है। जो आमजनता को राहत दे। इससे पहले प्रियंका गांधी ने राजस्थानी में भाषण की शुरुआत करते हुए डिग्गी कल्याणजी और धन्ना भगत के जयकारे लगवाए। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को राहत पहुंचाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब विदेश दौरे पर जाते हैं तो उसके बाद उन देशों से उन चुनिंदा उद्योगपतियों से काम मिलते हैं। उन्होंने कहा-मोदीजी अपने आपको भूमि पुत्र कहते थे और आज वो करो?ं के काफिले में चल रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले के निवाई विधानसभा क्षेत्र में प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और पीएम पर सियासी आरोप लगाए। प्रियंका ने कहा- लोग सत्ता में आते ही भूल जाते हैं कि उन्हें सत्ता में कौन लाया है? महंगाई से आम जनता को निजात दिलाने के लिए राजस्थान सरकार राहत कैंप लगा रही है। महिलाओं को मोबाइल भी मिल रहा है। सरकार जो दे रही है, वह उनका हक है। प्रियंका गांधी ने कहा- आज महंगाई चरम पर है। गैस सिलेंडर 1000 रुपए का है, इसे गरीब आदमी कैसे खरीदेगा? केंद्र सरकार से पूछना चाहिए इतनी महंगाई क्यों है? राजस्थान सरकार जनता को जो दे रही है वह पब्लिक का हक है। आज मैं एक लड़की से मिली, जिसके हाथ में मोबाइल था। उसने कहा कि मुझे गहलोत सरकार ने ये मोबाइल दिया है। राजस्थान सरकार मोबाइल दे रही है और भी कई चीजें दे रही है, राजस्थान सरकार आपको जो दे रही है, वो आपका हक है। सीएम अशोक गहलोत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- राजस्थान सरकार ने हर क्षेत्र में फैसले लेने में कमी नहीं छोड़ी। जो घोषणाएं बजट में की थीं, उन सबको लागू कर दिया है। इस बार माहौल ऐसा बन गया है कि लगता है सरकार रिपीट होगी। सीएम बोले- मनरेगा ने पीएम की बोलती बंद कर दी। हमने यूपीए सरकार के बनाए कानूनों की तर्ज पर अधिकार आधारित युग की शुरुआत की है। राइट टू सोशल सिक्योरिटी कानून की दिशा में काम किया है। अब केंद्र सरकार भी यह कानून बनाए और प्रियंका गांधी इसकी पैरवी करें। कांग्रेस ने देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। बीजेपी वाले पूछते हैं 70 साल में क्या हुआ ? लेकिन इनका तो आजादी के वक्त जन्म भी नहीं हुआ था। केंद्र सरकार कांग्रेस को डरा नहीं सकी है। जब हम अंग्रेजों से नहीं डरे। तो हम सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी से भी डरने वाले नहीं हैं। केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को कल भेजेगी, तो आज ही भेज दे, हम डरेंगे नहीं, हम ल?ेंगे।



## महाकाल के दरबार में पूर्व सीएम बी एस येदियुरप्पा

धार्मिक नगरी उज्जैन के मंदिर बाबा महाकाल में लगातार वीआईपी श्रद्धालु मंदिर में पहुंच रहे हैं। भस्मआरती में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। जिसके बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और फिर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी गर्भगृह में पहुंचकर बाबा महाकाल का परिवार सहित पूजन अर्चन अभिषेक किया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु ने बताया कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा आज धर्मपत्नी और बहू- बेटों के साथ सपरिवार बाबा महाकाल का पूजन अर्चन करने मंदिर आए थे। जहां उन्होंने गर्भगृह में भगवान का विशेष पूजन अर्चन किया और उसके बाद नंदी हॉल में



बैठकर बाबा महाकाल का ध्यान भी लगाया। इस दौरान येदियुरप्पा के परिजनों ने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कहीं। दर्शन पूजन के बाद श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री और उनके परिवार का समिति की ओर से स्वागत भी किया गया। जिस समय कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा मंदिर में प्रवेश कर रहे थे, उसी समय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंदिर से बाहर की ओर निकलने वाले थे। उसी समय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा की भेंट हुई, जिसमें उन्होंने कुछ देर चर्चा भी की। देवास की राजमाता और वर्तमान विधायक गायत्री राजे पवार आज (सोमवार) सुबह बाबा महाकाल के दर्शन करने परिवार सहित पहुंचीं, जहां उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन और दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी शामिल थे। गायत्री राजे पवार ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल के दर्शन करने के साथ ही नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही।

## ग्रामीण 1000 इंदिरा रसोईयों की शुरुआत, 10 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रियंका गांधी के हाथों राजस्थान में 1000 ग्रामीण इंदिरा गांधी नई रसोइयों की शुरुआत कराई। रिमोट का बटन दबाकर प्रियंका गांधी ने इस योजना की शुरुआत की। शहरों में 8 रुपए में भोजन थाली की योजना पहले से चल रही है। गांवों में भी इंदिरा रसोई का सस्ता खाना उपलब्ध करवाने की घोषणा सीएम अशोक गहलोत ने की थी। जिसे इंदिरा रसोई योजना ग्रामीण के नाम से शुरू किया गया है। इस योजना में 10 ह?ार ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिलेगा। प्रियंका गांधी ने जन सभा से महिला वोटर्स को मैसेज देने की कोशिश की है।

## राम मंदिर पर उद्धव के बयान से सियासी उबाल

राम मंदिर पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की टिप्पणी पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए निंदा की है, बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार (11 सितंबर) को कहा, मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि यह पूरा गठबंधन, जो पीएम मोदी के खिलाफ है, वोट के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। रविशंकर प्रसाद ने कहा, मैं भगवान राम से प्रार्थना करना चाहूंगा कि उन्हें कुछ सद्बुद्धि दें, ये एक शर्मनाक और अशोभनीय टिप्पणी है. हम इसकी निंदा करते हैं, महाराष्ट्र के



पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को जलगांव में एक जनसभा के दौरान ये टिप्पणी की। उद्धव ठाकरे ने कहा था, आने वाले दिनों में राम मंदिर का उद्घाटन होगा। संभावना है कि उद्घाटन के लिए देशभर से कई हिंदुओं को बुलाया जाएगा और समारोह खत्म होने के बाद लोगों के लौटने पर वे गोधरा कांड जैसा कुछ कर सकते हैं, राम मंदिर का उद्घाटन जनवरी 2024 में होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी इस बयान के बाद उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बालासाहेब (शिवसेना के दिवंगत संस्थापक और उद्धव ठाकरे के पिता) ने आज क्या सोचा होगा और सत्ता के लालच में उद्धव ठाकरे आज क्या कर रहे हैं।

## मोदी और नीतीश कुमार की मुलाकात पर मचा घमासान

जी-20 समिट के डिनर में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडिया) के नेताओं की मौजूदगी के बाद कई तरह की अटकलें शुरू हो गई हैं। इस डिनर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो और तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें दोनों के बीच गर्मजोशी दिखाई दे रही है. कल बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार के एनडीए में वापस आने की आशंका भी जताई थी और इस मुलाकात को भविष्य का संकेत बताया था। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि देश की राष्ट्रपति की ओर से आयोजित रात्रिभोज में जब पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ हाल में प्रवेश कर रहे हैं तो उसी तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तेजी से उनकी तरफ बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये गर्मजोशी बता रही है कि नीतीश कुमार सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ देखते हुए हाथ जोड़कर उनका अभिवादन कर रहे हैं, दूसरी तरफ से प्रधानमंत्री मोदी भी नीतीश कुमार के अभिवादन का गर्मजोशी से जवाब दे रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दूसरे की ओर मुस्कुरा कर देखते हुए बातचीत करते हुए हाथ भी मिला रहे हैं।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# भ्रष्टाचार की बारिश में डूब गई सड़कें!

> सबसे बड़ा प्रश्न तो यही उठता है जी-20 व ग्लोबल समिट के आयोजन के नाम पर कुछ ही महीने पहले पूरे शहर में सड़कों का बनाया गया था पर बरसात के बाद जो हाल दिखाई दे रहा है उससे तो ऐसा ही लगता है कि इनके निर्माण में खूब धांधली की गई है। सीएम योगी के भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति को भी ये मुहं चिढ़ा रही हैं।

*दो दिन से हो रही बारिश की वजह से यूपी की राजधानी लखनऊ में चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। आम इलाकों से लेकर खास जगहों में जलजमाव हो गया है। इस जलभराव से जगह-जगह सड़के गड्ढे में तब्दील हो गई हैं। इस तरह से अस्त-व्यस्त हालात सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की कलई खोल रहे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न तो यही उठता है जी-20 व ग्लोबल समिट के आयोजन के नाम पर कुछ ही महीने पहले पूरे शहर में सड़कों का बनाया गया था पर बरसात के बाद जो हाल दिखाई दे रहा है उससे तो ऐसा ही लगता है कि इनके निर्माण में खूब धांधली की गई है। सीएम योगी के भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति को भी ये मुहं चिढ़ा रही हैं।*

*हालांकि इतनी बड़ी तबाही के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सभी सड़कों को दीपावली से पहले गड्ढामुक्त करने का आदेश जारी किया है। सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि प्रदेश में बनने वाली हर नई सड़क की पांच साल की गारंटी होनी चाहिए। इस दरम्यान अगर सड़क खराब होती है तो निर्माण एजेंसी इसे दुरुस्त कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। जिस तरह से नये से लेकर पुराने मोहल्ले तक जलजमाव की जद में आए है उससे नगर नियोजन करने वाले लोगों पर भी सवालिया निशान लग गया है कि वे भविष्य में आने वाली इस तरह की खतरों पर वे अपना नजरिया क्यों नहीं स्पष्ट रखते हैं। खैर अब उम्मीद की जानी चाहिए की सरकार इस ओर ध्यान देगी। बाशि का कहर ऐस रहा कि लखनऊ में सड़कों व घरों में जलभराव हो गया है। सप्ताह का पहला दिन होने के बावजूद सड़कों पर ज्यादा यातायात नहीं है। मूसलाधार बारिश को देखते हुए मंडलायुक्त अधिकारियों संग फील्ड पर निकलीं और शहर में विभिन्न स्थानों पर हुए जलभराव का जायजा लिया। आम शहरवासियों के लिए मौसम विभाग द्वारा जारी भीषण बिजली कड़कने और भारी वर्षा के मद्देनजर अनावश्यक घरों से न निकलने का निर्देश जारी किया गया है। मौसम विभाग ने भीषण बिजली कड़कने की संभावना भी जाहिर की है। प्रशासन ने जारी निर्देश में कहा है कि असुरक्षित भवनों व पेड़ो के संपर्क में आने से बचें। जनपदवासियों को अपने घरों में रहने की सलाह दी जाती है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहे। वहीं, मौसम विभाग ने लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, लखीमपुर खीरी , हरदोई और सीतापुर में आंधी तूफान का रेड अलर्ट जारी किया है। प्रशासन के साथ-साथ आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी घरों के आगे बनी नालियों पर अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। इस तरह की आपदाओं का एक कारण बेततरीब शहरी निर्माण भी है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# जलवायु परिवर्तन की मार से अछूते नहीं रहे पंछी

पंकज चतुर्वेदी

'भारत में पक्षियों की स्थिति-2023' रिपोर्ट के नतीजे नभचरों के लिए ही नहीं, धरती पर रहने वाले इंसानों के लिए भी खतरे की घंटी हैं। बीते 25 सालों के दौरान हमारी पक्षी विविधता पर बड़ा हमला हुआ है, कई प्रजातियां लुप्त हो गई तो बहुत की संख्या नगण्य पर आ गई। पक्षियों पर मंडरा रहा यह खतरा शिकार से कहीं ज्यादा विकास की नई अवधारणा के कारण उपजा है। एक तरफ बदलते मौसम ने पक्षियों के प्रजनन, पलायन और पर्यावास पर विषम असर डाला है तो अधिक फसल के लालच में खेतों में डाले गए कीटनाशक, विकास के नाम पर उजाड़े गए उनके पारंपरिक जंगल, नैसर्गिक परिवेश की कमी से उनके स्वभाव में परिवर्तन आ रहा है। ऐसे ही कई कारण हैं जिनके चलते हमारे गली-आंगन में पक्षियों की चहचहाहट कम होती जा रही है।

विदित हो, पंछियों के अध्ययन के लिए कई हजार पक्षी वैज्ञानिकों व प्रकृति प्रेमियों द्वारा लगभग एक करोड़ आकलन के आधार पर इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है। इसके लिए कोई 942 प्रजातियों के पक्षियों का अवलोकन किया गया। इनमें से 299 के बारे में बहुत कम आंकड़े मिल पाए। शेष बचे 643 प्रजातियों के आंकड़ों से जानकारी मिली कि 64 किस्म की चिड़ियां बहुत तेजी से कम हो रही हैं, जबकि अन्य 78 किस्म की संख्या घट रही है। आंकड़े बताते हैं कि 189 प्रजाति के पक्षी न घट रहे हैं न बढ़ रहे हैं लेकिन वे जल्द ही संकट में आ सकते हैं। इस अध्ययन में पाया गया कि रैपटर्स अर्थात् झपट्टा मारकर शिकार करने वाले नभचर तेजी से कम हो रहे हैं। इनमें बाज, चील, उल्लू आदि आते हैं। इसके अलावा समुद्री तट पर मिलने वाले पक्षी और बत्तखों की संख्या भी भयावह तरीके से घट रही है। वैसे भी नदी, तालाब जैसी जलनिधियों के किनारे रहने वाले पक्षियों की संख्या घटी है। सुखद है लेकिन आश्चर्यजनक कि एशियाई कोयल की संख्या बढ़ रही है परन्तु नीलकंठ सहित 14 ऐसे पक्षी हैं जिनकी घटती संख्या के चलते उन्हें आईयूसीएन की रेडलिस्ट में दर्ज करने की अनुशंसा की है। रेड लिस्ट में संकटग्रस्त या लुप्त हो रहे जानवरों को रखा जाता है।


जंगल में रहने वाले पक्षी जैसे कि कठफोड़वा, सुग्गा या तोता, मैना, सातभाई की कई प्रजातियां, चिपका आदि की संख्या घटने के पीछे तेजी से घने जंगलों में कमी है। खेतों में पाए



जाने वाले बटेर, लवा का कम होना जाहिर है कि फसल के जहरीले होने के कारण है। समुद्र तट पर पाए जाने वाले प्लोवर या चिखली, कर्ल, पानी में मिलने वाले गंगा चील बत्तख की संख्या बहुत गति से कम हो रही है। इसका मुख्य कारण समुद्र व तटीय क्षेत्रों में प्रदूषण व अत्यधिक औद्योगिक व परिवहन गतिविधि का होना है। घने जंगलों के मशहूर पूर्वोत्तर राज्यों में पक्षियों पर संकट बहुत चौंकाने वाला है। यहां 66 पक्षी-बिरादरी लगभग समाप्त होने के कगार पर हैं। इनमें 23 अरुणाचल प्रदेश में, 22 असम, सात मणिपुर, तीन मेघालय, चार मिजोरम, पांच नगालैंड और दो बिरादरी के पक्षी त्रिपुरा में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड या गोडावण को तो अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने संकटग्रस्त पक्षियों की सूची में शामिल किया है। वर्ष 2011 में भारतीय उपमहाद्वीप के शुष्क क्षेत्रों में इनकी संख्या 250 थी जो 2018 तक 150 रह गयी। भारत में इंडियन बस्टर्ड की बड़ी संख्या राजस्थान में मिलती है। चूंकि यह शुष्क क्षेत्र का पक्षी है सो जैसे-जैसे रेगिस्तानी इलाकों में सिंचाई का विस्तार हुआ, इसका इलाका सिमटता गया। फिर इनके प्राकृतिक पर्यावासों पर सड़क, कारखाने, बंजर को हरियाली में बदलने के सरकारी प्रयोग शुरू हुए, नतीजा हुआ कि इस पक्षी को अंडे देने को भी जगह नहीं बची। फिर इसका शिकार तो हुआ ही। यही नहीं, जंगल में हाईटेंशन बिजली लाइन में फंस कर भी ये मारे गए। कॉर्बेट फाउंडेशन ने ऐसे कई मामलों का दस्तावेजीकरण किया जहां बस्टर्ड निवास और उनके प्रवासी मार्गों में बिजली की लाइनें बनाई गई हैं। भारी वजन और घूमने के लिए सीमित क्षेत्र होने के कारण बस्टर्ड को इन विद्युत लाइनों से बचने में परेशानी होती है और अक्सर वे बिजली का शिकार हो जाते हैं।

यह केवल एक बानगी है। इसी तरह अंडमान टली या कलहंस या चंबल नदी के पानी में चतुराई से शिकार करने वाला हिमालयी पक्षी इंडियन स्कीमर, या फिर नारकोंडम का धनेष; ये सभी पक्षी समाज में फैली भ्रांतियों और अंधविश्वास के चलते शिकारियों के हाथ मारे जा रहे हैं। पालघाट के घने जंगलों में हरसंभव ऊंचाई पर रहने के लिए मशहूर नीलगिरी ब्लू रोबिन या शोलाकिली पक्षी की संख्या जिस तेजी से घट रही है, उससे साफ है कि अगले दशक में यह केवल किताबों में दर्ज रह जाएगा।

# अब दसवें ग्रह के अस्तित्व की दावेदारी



मुकुल व्यास

जापानी खगोलविदों का अनुमान है कि पृथ्वी के आकार का एक विशाल ग्रह नेपच्यून के ठीक आगे छिपा हुआ है। उनका कहना है कि यह ग्रह बहुचर्चित काल्पनिक नौवें ग्रह (प्लेनेट नाइन) की तुलना में हमारे बहुत करीब मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक वर्षों से हमारे सौरमंडल में नौवें ग्रह के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। अब जापान के शोधकर्ताओं का सुझाव है कि परिकल्पित नौवें ग्रह के करीब एक और ग्रह है, जो नेपच्यून की कक्षा से परे काइपर बेल्ट में छिपा हो सकता है। हमारे सौरमंडल के बाहरी हिस्से में बर्फीले पिंडों का छल्ला काइपर बेल्ट के नाम से जाना जाता है। सौरमंडल का सुदूर क्षेत्र एक धुंधला क्षेत्र है जिसके बारे में कोई जानकारी हमें नहीं मिल पाती। सूर्य की रोशनी से बहुत दूर एक बड़ा ग्रह भी आसानी से हमारी नजर से बच सकता है।

नया अध्ययन जापान में किंडाई विश्वविद्यालय के ग्रह वैज्ञानिक पैट्रिक सोफिया लाइकावका और जापान की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के ताकाशी इतो ने किया है। द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में उन्होंने लिखा कि हम पृथ्वी जैसे ग्रह के अस्तित्व की भविष्यवाणी करते हैं। यह मुमकिन है कि एक आदिम ग्रह-पिंड दूरवर्ती काइपर बेल्ट में काइपर बेल्ट प्लेनेट (केबीपी) के रूप में जीवित रह सकता है, क्योंकि प्रारंभिक सौर मंडल में ऐसे कई पिंड मौजूद थे। विज्ञानियों का मानना है कि यह ग्रह सूर्य से करीब 500 एस्ट्रोनॉमिकल यूनिट (एयू) दूर है। यह पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी का 500 गुना है। सौरमंडल में हम अभी तक सबसे दूर जो ऑब्जेक्ट खोज पाए हैं, वह सूर्य से 132 एयू की दूरी पर था। प्लूटो सूर्य से लगभग 40 एयू की औसत दूरी पर है। पृथ्वी और सूरज के मध्य की औसत दूरी को एस्ट्रोनॉमिकल यूनिट कहते हैं। वास्तविक दूरी वर्ष के समय पर निर्भर करती है क्योंकि सूर्य के इर्दगिर्द पृथ्वी की कक्षा पूर्ण रूप से गोलाकार नहीं है। एक एयू 149,598,000 किलोमीटर के बराबर होता है। नया प्रस्तावित ग्रह नौवें ग्रह से अधिक निकट है।

विशेषज्ञों के अनुसार काइपर बेल्ट का ग्रह पृथ्वी से तीन गुना तक भारी हो सकती है। लेकिन वहां तापमान इतना ठंडा है कि वहां जीवन होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नेपच्यून की कक्षा से परे हमें जो पिंड मिले हैं वे कुछ अजीब-सा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं जिससे एक छिपी हुई दुनिया की उपस्थिति का संकेत मिलता है। ये पिंड ट्रांस-नेप्चूनियन ऑब्जेक्ट्स (टीएनओ) कहलाते हैं। माना जाता है कि टीएनओ सौरमंडल के निर्माण के अवशेष हैं जो चट्टानों, कार्बन तथा पानी और मीथेन जैसी वाष्पशील बर्फ के मिश्रण से बने हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि टीएनओ की कक्षाएं बाहरी सौरमंडल में एक अनदेखे ग्रह के अस्तित्व का संकेत दे सकती हैं। ये चट्टानें और बर्फ के पिंड बाहरी सौरमंडल में ग्रह निर्माण के अवशेष हैं। शोधकर्ताओं ने देखा कि बेल्ट के कुछ पिंडों की कक्षाएं अनोखी हैं जो यह संकेत देती हैं कि किसी समीपवर्ती बड़े पिंड का गुरुत्वाकर्षण इन्हें प्रभावित कर रहा है। इसके अतिरिक्त बेल्ट में उच्च झुकाव वाली वस्तुओं की एक महत्वपूर्ण आबादी है। सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते समय इनमें उच्च झुकाव होता है। कंप्यूटर मॉडल ने सुझाव दिया कि काल्पनिक ग्रह इन प्रभावों के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

शोधकर्ताओं की एक अलग टीम ने 2020 में सुझाव दिया था कि नौवां ग्रह अपनी उत्पत्ति के समय आंतरिक सौरमंडल में बना होगा और फिर बृहस्पति के साथ अंतर-क्रियाओं के बाद बाहर हो गया। इस साल की शुरुआत में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में सुझाव दिया गया था कि नौवां ग्रह 20 गर्म चंद्रमाओं से घिरा हो सकता है, जो विशेषज्ञों को इसका पता लगाने में मदद कर सकते हैं। इस बीच, खगोलविदों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने नेपच्यून आकार के एक ग्रह की खोज की है जो स्टील से भी भारी है। उनका मानना है कि इसकी संरचना एक विशाल ग्रह से टकराव का परिणाम हो सकती है। टीओआई-1853 बी नामक इस ग्रह का द्रव्यमान किसी भी अन्य समान आकार के ज्ञात ग्रह से लगभग दोगुना है और इसका घनत्व अविश्वसनीय रूप से बहुत ज्यादा है, जिसका अर्थ है कि यह चट्टान के एक बड़े अंश से बना है।

नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में रोम टोर वर्गाटा विश्वविद्यालय और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का सुझाव है कि यह ग्रहों की टक्कर का परिणाम है। इस विशाल टक्कर ने कुछ हल्के वायुमंडल और पानी को हटा दिया होगा और पीछे ढेर सारी चट्टानें छोड़ दी होंगी। इस अध्ययन का नेतृत्व लुका नेपोनिल्लो ने किया है। ब्रिस्टल स्कूल ऑफ फिजिक्स के वरिष्ठ शोध सहयोगी और सह-लेखक डॉ. फिल कार्टर ने कहा, हमारे पास हमारे सौरमंडल में ग्रह पिंडों के बीच अत्यधिक ऊर्जावान टकराव के मजबूत सबूत हैं। इन सबूतों में पृथ्वी के चंद्रमा का अस्तित्व और कुछ बाहरी ग्रह शामिल हैं। हम जानते हैं कि बाहरी ग्रहों के संसार में ग्रहों की एक विशाल विविधता है। कई ग्रहों की हमारे सौरमंडल में कोई समानता नहीं है, लेकिन अक्सर उनका द्रव्यमान और संरचनाएं चट्टानी ग्रहों और नेपच्यून व यूरेनस जैसे बर्फीले दिग्गजों जैसी होती हैं। डॉ. कार्टर ने कहा कि इस अध्ययन में हमारा उद्देश्य अत्यधिक विशाल टक्करों का मॉडल बनाना था जो मूल बड़े ग्रह से हल्के वायुमण्डल और पानी या बर्फ को हटा सकता था। नया खोजा गया ग्रह संपूर्ण आकाशगंगा में ग्रहों के निर्माण में विशाल प्रभावों की व्यापकता के लिए नए साक्ष्य प्रदान करता है।

# अनार

## कोशिकाओं को करता है मजबूत




सेब को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। कहा जाता है कि एक सेब पूरा दिन आपको ऊर्जा से भरपूर और बीमारियों से दूर रखता है। हालांकि सेब के अलावा भी बहुत सारे फल है जो सेहतमंद माने जाते हैं। फलों में कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। विटामिंस और मिनिरल्स के अलावा अलग अलग फलों में अलग अलग पौष्टिकता पाई जाती है। पौष्टिक फलों की सूची में अनार शामिल है। अनार खाने में स्वादिष्ट और मीठा फल है लेकिन ये कई रोगों में लाभकारी भी है। चिकित्सक कमजोरी दूर करने के लिए अनार खाने की सलाह देते हैं। अनार विटामिन सी और बी का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें मैग्नीशियम, पोटेशियम, फास्फोरस, सेलेनियम और जिंक भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अनार का सेवन सेहतमंद फायदे तो देता ही है लेकिन अनार खाने के कुछ नुकसान भी हैं। कोशिकाओं को मजबूत करता है। अनार में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के गुण होते हैं। अनार के जूस में अन्य फल के जूस से ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट होता है। इसके सेवन से कोशिकाओं को नुकसान से बचाया जा सकता है और सूजन को कम किया जा सकता है।

### बीपी

ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए अनार का जूस फायदेमंद माना जाता है। बीपी बढ़ने पर लोगों को चक्कर आने लगते हैं। जब बीपी घटता-बढ़ता है, तो सुबह में जागने के बाद हल्कापन महसूस होता है। कई बार ऐसे लोगों की नाक से खून भी निकल आता है। आमतौर पर सिर दर्द या सुन्नपन महसूस होना भी बीपी में बदलाव का संकेत होते हैं।

### मधुमेह

मधुमेह या डायबिटीज के उपचार में अनार का रस पीना चाहिए। अनार इंसुलिन को कम करने और ब्लड शुगर को कम करने में काम आता है। लोगों के गलत खान-पान और खराब दिनचर्या की वजह से वर्तमान समय में मधुमेह विश्व की आम बीमारियों में से एक बन गई है।






### कैंसर से बचाव

अनार का जूस कैंसर पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद है। प्रोस्टेट कैंसर सेल्स को रोकने के लिए अनार के जूस का सेवन करना चाहिए। ये कैंसर के जोखिम को भी कम कर सकता है। कैंसर के मुख्य लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि व्यक्ति ने किस प्रकार का कैंसर विकसित किया है। हालांकि, कुछ सामान्य संकेत हैं जो विभिन्न प्रकार के कैंसर के बीच ओवरलैप करते हैं। ऐसे में किसी भी नए या चिंताजनक लक्षणों का ध्यान रखना और सुरक्षित रहने के लिए अपने चिकित्सक से परामर्श करना महत्वपूर्ण है। कैंसर के लक्षणों पर ध्यान देने के लिए आंत्र की आदतों में बदलाव, सूजन, सांस फूलना, गांठ और नए तिल का बनना शामिल हैं।

### अल्जाइमर से बचाव

अनार के दाने अल्जाइमर रोग को बढ़ने से रोकते हैं और व्यक्ति की याददाश्त को बनाए रखने में सहायक होते हैं।

### पाचन

अनार का जूस आंतों की सूजन को कम करके पाचन में सुधार कर सकता है। हालांकि दस्त रोगियों को अनार का जूस का सेवन न करने की सलाह दी जाती है।

### गठिया

अनार का जूस जोड़ों के दर्द, अन्य प्रकार की गठिया के दर्द व सूजन में फायदेमंद होता है।

### दिल की बीमारी

अनार का जूस दिल की बीमारी के लिए फायदेमंद है। दिल और धमनियों को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए अनार के जूस का सेवन की सलाह दी जाती है।



### अनार के सेवन के नुकसान

अनार के छिलके, जड़ या तना का अत्यधिक इस्तेमाल असुरक्षित होता है, क्योंकि इसमें जहर हो सकता है। लो ब्लड प्रेशर वाले मरीजों को अनार के जूस का सेवन कम मात्रा में करना चाहिए। दस्त के दौरान अनार के जूस का सेवन नहीं करना चाहिए। अनार का रस अगर आप अपनी त्वचा पर लगाते हैं तो कई लोगों को खुजली, सूजन या सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।



## हंसना मना है

लड़की (अपने प्रेमी को)- मेरा जानू, माय बेबी, मेरा बच्चा, माय स्वीटू, मेरा गोलू, क्या तुम मुझसे शादी करोगे? बोल मेरा बच्चा, लड़का- अरे यार! प्रपोज कर रही है या गोद ले रही है?

गलती होने पर माफी मांगने वाले इंसान को समझदार कहते हैं पर गलती ना होने पर भी माफी मांगने वाले को बॉयफ्रेंड कहते हैं।

एक लड़का-लड़की एक दूसरे को बहुत चाहते थे, एक दिन लड़की लड़के से बोली। लड़की- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आये। लड़का- कुछ भी हो, मैं शादी तुमसे ही करूंगा, आंटी से कहना मुझे भूल जाये।

प्रेमी ( प्रेमिका से )- तुम शादी के बाद अपने लिए नया घर तो नहीं मांगोगी? प्रेमिका ( प्रेमी से )- नहीं मैं ऐसी लड़की नहीं हूं। तुम अपनी मां को अलग घर दिला देना।

लड़की- आज से हमारा रिश्ता खत्म ! एक दूसरे को दिए सारे गिफ्ट वापस करते हैं। लड़का - ठीक है। तो फिर मोबाइल रिचार्ज से शुरू करते हैं! लड़की- जानू अब मैं मजाक भी नहीं कर सकती क्या?

## कहानी | सबसे बड़ी चीज

एक बार बीरबल दरबार में मौजूद नहीं थे। इसलिए कुछ मंत्रीगण बीरबल के खिलाफ महाराज अकबर के कान भरने लगे। उनमें से एक कहने लगा, महाराज! आप केवल बीरबल को ही हर जिम्मेदारी देते हैं और हर काम में उन्हीं की सलाह ली जाती है। इसका मतलब यह है कि आप हमें अयोग्य समझते हैं। मगर, ऐसा नहीं हैं, हम भी बीरबल जितने ही योग्य हैं। महाराज ने मंत्रीगणों को निराश न करने के लिए एक समाधान निकाला। उन्होंने उनसे कहा, मैं तुम सभी से एक प्रश्न का जवाब चाहता हूं। मगर, ध्यान रहे कि अगर तुम लोग इसका जवाब न दे पाए, तो तुम सबको फांसी की सजा सुनाई जाएगी। दरबारियों ने झिझक कर महाराज से कहा, ठ.. ठीक है महाराज! हमें आपकी ये शर्त मंजूर है, लेकिन पहले आप प्रश्न तो पूछिए। महाराज ने कहा, दुनिया की सबसे बड़ी चीज़ क्या है? यह सवाल सुनकर सभी मंत्रीगण एक दूसरे का मुंह ताकने लगे। महाराज ने उनकी ये स्थिति देख कर कहा, याद रहे कि इस प्रश्न का उत्तर सटीक होना चाहिए। मुझे कोई भी अटपटा सा जवाब नहीं चाहिए। इस पर मंत्रीगणों ने राजा से इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी। राजा भी इस बात के लिए तैयार हो गए। महल से बाहर निकलकर सभी मंत्रीगण इस प्रश्न का उत्तर ढूंढने लगे। पहले ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी चीज़ भगवान है, तो दूसरा कहने लगा कि दुनिया की सबसे बड़ी चीज भूख है। तीसरे ने दोनों के जवाब को नकार दिया। धीरे-धीरे समय बीतता गया और मोहलत में लिए गए सभी दिन भी गुजर गए। फिर भी राजा द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब न मिलने पर सभी मंत्रीगणों को अपनी जान की फिक्र सताने लगी। कोई अन्य उपाय न मिलने पर वो सभी बीरबल के पास पहुंचे और उन्हें अपनी पूरी कहानी सुनाई। बीरबल पहले से ही इस बात से परिचित थे। उन्होंने उनसे कहा, मैं तुम्हारी जान बचा सकता हूं, लेकिन तुम्हें वही करना होगा जैसा मैं कहूं। सभी बीरबल की बात पर राजी हो गए। अगले ही दिन बीरबल ने एक पालकी का इंतजाम करवाया। उन्होंने दो मंत्रीगणों को पालकी उठाने का काम दिया, तीसरे से अपना हुक्का पकड़वाया और चौथे से अपने जूते उठवाये व स्वयं पालकी में बैठ गए। फिर उन सभी को राजा के महल की ओर चलने का इशारा दिया। जब सभी बीरबल को लेकर दरबार में पहुंचे, तो महाराज इस मंजर को देख कर हैरान थे। इससे पहले कि वो बीरबल से कुछ पूछते, बीरबल खुद ही राजा से बोले, महाराज! दुनिया की सबसे बड़ी चीज 'गरज' होती है। अपनी गरज के कारण ही ये सब मेरी पालकी को उठा कर यहां तक ले आए हैं। यह सुन महाराज मुस्कुराये बिना न रह सके और सभी मंत्रीगण शरम के मारे सिर झुकाए खड़े रहे।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला**



कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**वृषभ**



कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक**



आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें।

**मिथुन**



व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु**



भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**कर्क**



कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी।

**मकर**



आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**सिंह**



कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुम्भ**



पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी।

**कन्या**



धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें।

**मीन**



आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# मैं खुश और उत्साहित हूं कि मैं जवान का हिस्सा हूं : प्रियामणि



शाहरुख खान की हालिया रिलीज फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए इतिहास रच रही है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने महज चार दिनों में 287.06 करोड़ का कलेक्शन किया है। टिकट खिड़की पर शाहरुख खान, नयनतारा और विजय सेतुपति स्टारर इस फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है। इस बीच फिल्म की एक्ट्रेस प्रियामणि ने एक साक्षात्कार के दौरान किंग खान को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक मीडिया संस्थान से बातचीत करते हुए प्रियामणि ने खुलासा किया कि वह जवान को अपनी फिल्मोग्राफी में सबसे ऊपर रखेंगी, क्योंकि यह उनकी पहली 200 करोड़ रुपये की फिल्म है। उन्होंने कहा, मैं बहुत गर्व से कह सकती हूं कि यह मेरी पहली 200 करोड़ी फिल्म है। मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि मैं ऐसी अद्भुत फिल्म का हिस्सा हूं, जहां महिला को अधिक शक्ति दी गई है। जवान से पहले शाहरुख और प्रियामणि ने रोहित शेट्टी की चेन्नई एक्सप्रेस में काम किया था। प्रियामणि ने डांस नंबर 1 2 3 4 गेट ऑन द डांस फ्लोर के साथ ब्लॉकबस्टर कॉमेडी में एक कैमियो किया। रोहित की फिल्म में उनकी ऑन-स्क्रीन जोड़ी को सराहा गया और गाना चार्टबस्टर रहा। इंटरव्यू में प्रियामणि ने बताया कि जवान के गाने जिंदा बंदा की शूटिंग के दौरान कोरियोग्राफर ने उन्हें शाहरुख खान के पीछे रखा था, लेकिन शूटिंग से पहले शाहरुख ने अपनी डांस टीचर प्रियामणि को अपने पास लाकर एक बड़ा बदलाव लाया। उन्होंने कहा, हम गाने की रिहर्सल कर रहे थे और मुझे एसआरके के पीछे खड़ा किया गया था। उन्होंने इधर-उधर देखा, मुझे देखा और तुरंत पूछा तुम मेरे पीछे क्या कर रहे हो? मैंने कहा कि मुझे उसके पीछे रखा गया था। उन्होंने मेरा हाथ पकड़ लिया और मुझे अपने बगल में खड़ा किया और शोभी (पॉलराज, कोरियोग्राफर) और एटली से कहा, मैं चाहता हूं कि यह मेरे बगल में खड़ी हो। मुझे परवाह नहीं है कि कोरियोग्राफी क्या है। वह चेन्नई एक्सप्रेस से मेरी डांस टीचर है। अगर मैं गलत होता हूं, तो मैं उसे देखूंगा और स्टेप करना सीखूंगा। बता दें कि शाहरुख खान की जवान को ऑडियंस भरपूर प्यार मिल रहा है।

# रवीना टंडन संग अक्षय कुमार ने जमाया रंग

अक्षय कुमार 9 सितंबर को अपना जन्मदिन मना रहे थे। इस मौके पर उन्हें दुनियाभर के फैंस शुभकामनाएं दे रह थे। अब सुपरस्टार ने भी चाहने वालों को सरप्राइज देते हुए अपनी अगली मोस्ट अवेटेड फिल्म वेलकम 3 का एक प्रोमो वीडियो शेयर कर दिया है। वेलकम की इस तीसरी फ्रेंचाइजी को वेलकम टू द जंगल टाइटल दिया गया है। इसी के साथ फिल्म की स्टार कास्ट की एक झलक भी सामने आ गई है। इसे देखकर कह सकते हैं कि फिल्म में हंसी के खूब ठहाके लगने वाले हैं। वहीं, इसमें बड़े-बड़े कलाकारों का भी तांता लग गया है। वेलकम टू द जंगल के इस प्रोमो वीडियो में अक्षय कुमार के अलावा संजय दत्त, अरशद वारसी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिज, परेश रावल, जॉनी लीवर, तुषार कपूर, मीका सिंह, दलेर मेहंदी और कृष्णा अभिषेक सहित कई सितारे नजर आ रहे हैं।

इस फिल्म में लंबे वक्त के बाद अक्षय कुमार और रवीना टंडन एक बार फिर साथ काम करते नजर आ रहे हैं। दोनों को फिर से एक ही फ्रेम में साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव होने वाला है।



बॉलीवुड | मसाला

3 मिनट 21 सेकंड के इस वीडियो में पूरी स्टार कास्ट आर्मी ड्रेस पहने हाथ में लेकर खड़े नजर आ रहे हैं। यहां सभी वेलकम का टाइटल ट्रेक गा रहे हैं। बीच-बीच में कई सितारे एक दूसरे झिकझिक करते दिखते हैं। जैसे ही अक्षय, दिशा पर चिल्लाते हैं तभी रवीना उन्हें बीच में टोक देती हैं। इसके बाद फिर से सभी टाइटल ट्रैक गाना शुरू हो जाते हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म

गौरतलब है कि वेलकम की पिछली दोनों किस्तों का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था, लेकिन अब वेलकम 3 के निर्देशन की कमान अहमद खान ने अपने हाथों में ले ली है। वहीं, प्रोडक्शन की जिम्मदारी फिरोज नाडियाडवाला और ज्योति देशपांडे मिलकर संभाल रहे हैं। वेलकम 3 अगले साल क्रिसमस के खास मौके पर, 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# टल गई कंगना रनौत की चंद्रमुखी-2 की रिलीज डेट



बॉलीवुड | मसाला

कंगना रनौत और राघव लॉरेंस की अपकमिंग फिल्म चंद्रमुखी-2 की रिलीज को आगे टेक्निकल कारणों के चलते आगे बढ़ा दिया है। लाइका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि फिल्म अब 28 सितंबर को रिलीज होगी। पहले फिल्म 15 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। प्रोडक्शन हाउस ने नई रिलीज डेट के साथ एक वीडियो शेयर किया और इसे कैप्शन दिया, टेक्निकल कारणों के चलते चंद्रमुखी -2 की रिलीज डेट 28 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। राजा वेट्टैयन और चंद्रमुखी पहले की तुलना में इस बार ज्यादा मजबूत वापसी करेंगे। पी. वासु द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 15 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

### चंद्रमुखी 2 साल 2005 का सीक्वेल

चंद्रमुखी 2 2005 में रिलीज हुई रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत चंद्रमुखी का सीक्वल है। यह एक ऐसी महिला के ईर्द-गिर्द घूमती है जो डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर से पीड़ित है। कुछ दिनों पहले चंद्रमुखी का ट्रेलर जारी हुआ था। फिल्म में ट्रेलर में कंगना रनौत का खूबसूरत अवतार देखने को मिला था।

### कन्नड़ फिल्म का है आधिकारिक रीमेक

चंद्रमुखी निर्देशक की अपनी कन्नड़ फिल्म आप्तमित्र (2004) का आधिकारिक रीमेक है, जो मलयालम फिल्म मणिचित्राथाझु (1993) का रूपांतरण है।

अजब-गजब | इसे कहा जाता है धरती का नरक

# इस जेल में एक-दूसरे को खाने के लिए कैदियों को किया जाता है मजबूर

अफ्रीका की एक बर्बर जेल धरती का नरक है, जहां लोग एक मील दूर तक इसकी दीवारों के अंदर लाशों के सड़ते मांस की दुर्गंध को सूंघ सकते हैं। दुनिया की सबसे घातक जेलों में से एक गीतारामा जेल, रवांडा की राजधानी किगाली में स्थित है। इस जेल के कैदियों को जिंदा रहने के लिए अन्य कैदियों की सड़ती लाशें खाने के लिए मजबूर किया जाता है।

डेलीस्टार की रिपोर्ट के अनुसार- बलात्कारी, लुटेरे और हत्यारे जैसे खतरनाक क्रिमिनल्स इस जेल की गंदी और भीड़भाड़ वाली दीवारों के अंदर रहते हैं। यह आशंका है कि यहां बंद कुछ कैदी पूरी तरह से निर्दोष हो सकते हैं। 1960 में इसे ब्रिटिश मजदूरों के आवास के रूप में बनाया गया था। बाद में इसे उस समय लगभग 400 कैदियों को रखने के लिए डिजाइन की गई जेल में बदल दिया गया।

वर्तमान में इस जेल की क्षमता 1300 और 3000 के बीच बताई जाती है। इसके बाद बावजूद इस जेल में 8,000 से अधिक कैदी अंदर फंसे हुए हैं। जगह की कमी के कारण कैदियों के पास अक्सर खड़े रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है। कहा जाता है कि आज भी इस जेल के अंदर से मल और सड़ते मांस की दुर्गंध मीलों दूर तक सूंघी जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि खराब हालात के कारण गीतारामा जेल में एक दिन में कई कैदियों की मौत हो सकती है। यह भी बताया गया है कि वहां कोई सीवर सिस्टम नहीं है, जिसका मतलब है कि कैदियों को अपने मल में होकर नंगे पैर चलना होगा। कैदियों को कोई मेडिकल सुविधा भी नहीं मिलती है, जिसके चलते बीमारियां हर दिन उनकी जान ले लेती हैं।



# गर्दन कभी न चटकाएं, डॉक्टर ने बताई हैरान कर देने वाली वजह



आपने देखा होगा कि जब भी हम हेयर कट के लिए सैलून जाते हैं तो कटिंग के बाद नाई गर्दन को हल्का सा झटका देते हैं। इससे इससे गर्दन चटकने की हल्की सी आवाज आती है। इससे काफी राहत मिलती है। जब भी आप लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करते हैं तो इस तरह गर्दन चटका लेने से अकड़न खत्म हो जाती है। बहुत सारे लोग ऐसा करते हैं, लेकिन एक डॉक्टर ने इसे लेकर चेताया है। उनके मुताबिक, गर्दन कभी नहीं चटकानी चाहिए। उन्होंने इसकी वजह भी बताई है डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, चिकित्सा एक्सपर्ट और एमडी एवर एरियस ने टिकटॉक पर लोगों ने इसके नुकसान बताए। एरियस अक्सर ऐसे वीडियोज शेयर करते हैं, जिनमें चिकित्सा संबंधी मिथक का जवाब होता है। उन्होंने कहा, एक बार 20 साल की एक महिला ने अपनी गर्दन दो बार चटकाने और एक झटके की आवाज सुनने की कोशिश की। नतीजा 'बहुत दर्द' होने लगा और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इमरजेंसी में ले जाना पड़ा। क्योंकि जांच के बाद हमने पाया कि उसे सर्वाइकल कंप्रेशन फ्रैक्चर हो गया था।डॉक्टर ने बताया, महिला हाइपरमोबिलिटी सिंड्रोम का शिकार थी। इस वजह से उसका शरीर काफी लचीला था। और जब उसने गर्दन को खींचा तो गर्दन कुछ ज्यादा ही मुड़ गई और कंप्रेशन फैक्चर हो गया। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन के अनुसार, एक मामूली फैक्चर का इलाज करने के लिए 6 से 8 सप्ताह तक सर्वाइकल ब्रेस पहनना होता है। जबकि अधिक जटिल फैक्चर के लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है। गर्दन चटकाने से कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा, अगर आप किसी वैद्य के पास जाते हैं और अपनी गर्दन चटकवाते हैं, तो खुद को खतरे में डाल रहे हैं। आपको स्ट्रोक हो सकता है। धमनियां फट सकती हैं। 2019 में स्ट्रेचिंग के दौरान गर्दन में चोट लगने के बाद एक शख्स को स्ट्रोक आ गया था। एक पॉप संगीत सुनने के बाद ओक्लाहोमा में एक शख्स ने इतनी तेजी से गर्दन झटका कि उसका दिमाग सुन्न हो गया। वह चलने फिरने में असमर्थ हो गया। यहां तक कि उसे लंबे वक्त तक अस्पताल में रहना पड़ा। डॉक्टरों ने उसे बताया कि जब उसने अपनी गर्दन चटकाई, तो उसने इसे इतनी तेज़ी से मोड़ दिया था कि गलती से अपनी गर्दन से मस्तिष्क तक जाने वाली रक्त वाहिका को तोड़ दिया था, जिसके कारण स्ट्रोक हुआ। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन फ्रांसिस्को में आधारित एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि आपकी गर्दन फटने से स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

# देश इस समय परीक्षा से गुजर रहा है, मुझे यकीन हम सफल होंगे : राहुल

## नॉर्वे के नेताओं से मिले कांग्रेस सांसद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

ओस्लो। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वे सांसद राहुल गांधी ने नार्वे में वहां कई बड़े नेताओं से मुलाकात की । उन्होंने अपने देश भारत के बारे में वहां के लीडरशिप से बात की और वहां के शासन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।



इससे पहले अपने यूरोपीय दौरे में उन्होंने पेरिस समेत कई शहरों के कार्यक्रमों में भाग लिया और अपने विचार साझा किया। उन्होंने वहां पर मोदी सरकार की कुछ नीतियों की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसी कई चीजें हैं जिनमें सुधार किया जा सकता है, और मुझे लगता है कि यह एक अवसर है, यह एक परीक्षा है जिससे कई देश गुजरते हैं। और, मुझे लगता है कि हम इस परीक्षा में सफल होंगे।'' देश के नाम को लेकर जारी बहस के बारे में पूछे जाने पर, गांधी ने कहा कि इंडिया और भारत दोनों संविधान में उल्लिखित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ''अजीब तरीके'' से काम कर रही है क्योंकि उसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) के नाम से चिढ़ है। उन्होंने कहा, ''कुछ गहरी बात चल रही है, वह यह कि जो लोग किसी भी चीज का नाम बदलना चाहते हैं वे मूल रूप से इतिहास को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। मामले के तथ्य यह हैं कि, चाहे हम इसे पसंद करें या हमें यह पसंद न हो, हमारा एक इतिहास है। हम पर अंग्रेजों ने शासन किया, हमने अंग्रेजों से लड़ाई की, हमने अंग्रेजों को हराया...अंग्रेजी अंग्रेज लोगों की तुलना में अधिक भारतीयों द्वारा बोली जाती है; यह उनकी से अधिक हमारी अपनी है।'' गांधी ने कहा, ''उस अंग्रेजी में बहुत बड़ा इतिहास समाहित है, बहुत दर्द है, बहुत खुशी है, कल्पना है, संघर्ष है, वो चीजें अंतर्निहित हैं। और जो लोग नाम बदलना चाहते हैं वो उसे मिटाना चाहते हैं, वो हमारा इतिहास नहीं चाहते। वे नहीं चाहते कि हमारे देश का इतिहास हमारी आने वाली पीढ़ियों को पता चले, इससे उन्हें परेशानी होती है।'गांधी ने ब्रसेल्स के बाद यूरोप के दूसरे शहर पेरिस का दौरा किया, जहां सत्र का संचालन 'सेंटर ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' के निदेशक प्रोफेसर क्रिस्टोफ जैफ्रेलोट ने किया और अध्यक्षता 'पेरिस स्कूल ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स एट साइंसेज पीओ' की डीन अरंचा गोंजालेज ने की। गोंजालेज ने गांधी से भारत की विदेश नीति पर रुख के बारे में पूछा। गांधी ने विश्व व्यवस्था के लिए विशेष चिंता के रूप में चीन के विकास मॉडल की ओर इशारा करते हुए कहा, ''जब आप भारत के आकार के देश के साथ काम कर रहे हैं, तो हमें कई अलग-अलग देशों के साथ संबंध बनाने होंगे...और एक राष्ट्र के रूप में, हम अपने हित में कार्य करते हैं।''

### बहुसंख्यक समुदाय भाजपा को वोट दे रहा है, यह एक गलत विचार

' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भारत के 60 प्रतिशत लोगों ने विपक्षी दलों को वोट दिया, जबकि सिर्फ 40 प्रतिशत ने सत्तारूढ़ दल को वोट दिया। उन्होंने कहा, ''तो यह विचार कि बहुसंख्यक समुदाय भाजपा को वोट दे रहा है, यह एक गलत विचार है। बहुसंख्यक समुदाय वास्तव में उन्हें वोट देने से ज्यादा हमें वोट देता है।गांधी ने कहा, ''वे समाज का ध्रुवीकरण करते हैं, वे समाज को विभाजित करते हैं, वे समाज में नफरत फैलाते हैं और यही उनका तंत्र है। उनके देश के सबसे शक्तिशाली, सबसे अमीर पूंजीपतियों के साथ भी बहुत अच्छे संबंध हैं, जो उन्हें वित्तपोषित करते हैं और उनका समर्थन करते हैं।'

# सुप्रियो से पर्यटन विभाग लेकर आईटी व नवीकरणीय ऊर्जा विभाग सौंपा गया

## ममता ने किया बंगाल मंत्रिमंडल में फेरबदल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए बाबुल सुप्रियो को पर्यटन विभाग से हटाकर सूचना प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग का प्रभार सौंपा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सुप्रियो नवीकरणीय ऊर्जा की अपनी नयी जिम्मेदारी के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी संभालते रहेंगे।



अधिकारी ने बताया कि एक अन्य गायक-नेता और तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री इंद्रनील सेन को पर्यटन विभाग का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। उन्होंने कहा कि वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारी ने कहा कि अरूप रॉय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और बागवानी विभाग देखेंगे, क्योंकि बनर्जी ने उनसे सहकारिता विभाग का प्रभार वापस ले लिया है और इसे प्रदीप मजूमदार को सौंप दिया है, जो पंचायत विभाग के प्रभारी मंत्री बने रहेंगे। खाद्य प्रसंस्करण विभाग से हटाए गए मंत्री मोहम्मद गुलाम रब्बानी पर्यावरण विभाग देखेंगे। ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय में कहा, ''मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं कि मेरी अनुपस्थिति में चीजें सुचारू रूप से चलती रहें। कैबिनेट फेरबदल को कल रात राज्यपाल ने मंजूरी दे दी थी और हमने इसे आज जारी किया।''

# 16 राज्यों में बारिश की संभावना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ/नई दिल्ली। देश में लौटते मानसून के चलते कई राज्यों में तेज बारिश हो रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा सहित 16 राज्यों में आज तेज बारिश की संभावना जताई गई है। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटे से भारी बारिश हो रही है। आज भी 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले पांच दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। सोमवार को यूपी में पिछले 24 घंटे में सामान्य से 398 प्रतिशत ज्यादा पानी बरसा। आज बाराबंकी और लखीमपुर खीरी में स्कूल बंद रहेंगे। उधर मध्यप्रदेश में अगले 2 से 3 दिन हल्की बूंदाबांदी होगी। 15 सितंबर से तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो 21 सितंबर तक रहेगा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम में तेज बारिश होगी। जबकि पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार में हल्की बारिश होगी।

# त्रिपुरा में भाजपा और तिपरा मोथा कार्यकर्ताओं में झड़प, 12 घायल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी टिपरा मोथा के बीच को हिंसक झड़प हुई। इस दौरान एक पुलिस अधिकारी और दो अन्य कर्मियों सहित कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। हाल ही में हुए उपचुनावों में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एक विशाल विजय रैली निकाली थी, उसी दौरान टिपरा मोथा और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हिसंक झड़प हो गई।

बता दें कि यह घटना आदिवासी बहुल जम्पुइजाला इलाके में हुई। सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) ज्योतिषमान दास चौधरी ने बताया, टिपरा मोथा कार्यकर्ताओं के एक समूह द्वारा कथित तौर पर कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं को रैली में शामिल होने से रोकने के बाद हिसंक झड़प हुई। पुलिस ने कहा कि झड़प में दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं समेत कम से कम 12 लोग घायल हो गए। उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा में ले जाया गया है। झड़प के बाद रैली का स्थान बाद में तर्कजाला में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आरोप लगाया कि भगवा पार्टी के कार्यकर्ता शांति को बाधित करने के विपक्ष के प्रयासों को रोकने के लिए सड़कों पर थे।




### पुलिसकर्मियों पर किया पथराव

हिंसक झड़प के दौरान जब पुलिस टीम ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की, तो तकरजला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी रथिन देबबर्मा और दो अन्य कर्मियों पर पथराव किया गया, जिससे वे घायल हो गए। समूह को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

# कुलदीप के 'पंजे' में आये पाकिस्तानी बल्लेबाज




4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलंबो। भारत ने एशिया कप के सुपर-4 में पाकिस्तान को 228 रन से हरा दिया है। बारिश के कारण बाधित ये मैच दो दिन में समाप्त हुआ। रविवार को शुरू हुए इस मुकाबले का सोमवार को भारत की जीत के साथ खत्म हुआ। भारत ने रविवार को खेल रोके जाने तक 24.1 ओवर में 147 रन बनाए थे।

सोमवार को मैच का रिजर्व डे था। भारतीय टीम ने आगे खेलते हुए 50 ओवर में 356 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 32 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 128 रन ही बना पाई। वहीं नसीम शाह और हारिस रऊफ चोट के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस दौरान कुलदीप यादव ने 5 विकेट झटक कर पाकिस्तानी बल्लेबाजों की कमर तोड़ वहीं 357 रनों का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। इमाम-उल-हक 9 और कप्तान बाबर आजम 10 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाला। लेकिन एक घंटे के बाद जब दोबारा मैच शुरू हुआ तो शार्दुल ठाकुर ने रिजवान को महज 2 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद कुलदीप यादव ने फखर जमां (27), आगा सलमान (23), शादाब खान (6), इफ्तिखार अहमद (23) और फहीम अशरफ को (4) आउट किया।

### विराट बने तेरह हजारी, तोड़ा सचिन का 19 साल पुराना रिकॉर्ड

विराट कोहली वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 13,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अपने आदर्श खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वह वनडे में 13,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पांचवें और भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। तेंदुलकर पाकिस्तान के खिलाफ ही रावलपिंडी में 16 मार्च 2004 को इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 330 मैचों की 321वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की जबकि कोहली 278वें मैच की 267वीं पारी में इस मुकाम पर पहुंचे। सबसे कम पारियों में 8,000 रन, 9,000 रन, 10,000 रन, 11,000 रन और 12,000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कोहली के नाम है। इस स्टार बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान यह



विशिष्ट उपलब्धि हासिल की। उन्हें इस मैच से पहले 13,000 रन पूरे करने के लिए 98 रन की दरकार थी और वह अपने करियर का 47वां शतक लगाने में सफल रहे। अपने करियर का 278वां मैच खेल रहे कोहली ने सोमवार को आठ रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और नाबाद 122 रन बनाए।



# तमिलनाडु में 40 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## » सैंड माफिया के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सैंड माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने तमिलनाडु में इन माफियाओं के 40 ठिकानों पर छापेमारी की है, ईडी की रेड के दौरान रेत खनन का लाइसेंस रखने वाले उद्योगपति एस रामचंद्रन और डिंडीगुल रथिनम जांच एजेंसी के निशाने पर हैं। बता दें कि डीएमके के महासचिव दुरई मुरुगन के पास एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में खनन विभाग है।



गौरतलब है कि कुछ महीने पहले तमिलनाडु सरकार के एक और मंत्री के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई की थी। इडी ने तमिलनाडु सरकार में शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनके सांसद बेटे गौतम सिगामणि के ठिकानों पर छापेमारी की थी। टीम ने यहां से 41.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग केस में की गई थी। पोनमुडी विल्लुपुरम जिले की तिरुक्कोयिलुर विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि उनके 49 वर्षीय बेटे गौतम सिगमणि कल्लाकुरिची सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद सदस्य हैं। इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन एक्ट के तहत मंत्री से जुड़े सात स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था, ईडी के अधिकारी अवैध रेत खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में छापेमारी के बाद पोनमुडी को कार्यालय लेकर पहुंचे थे, केंद्रीय बलों की सुरक्षा के बीच पोनमुडी को चेन्नई के ईडी कार्यालय लाया गया और उनसे आठ घंटे तक पूछताछ की गई थी।

## ईडी दफ्तर पहुंचीं नुसरत जहां



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां फ्लैट बिक्री में करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में पूछताछ का सामने करने के लिए ईडी दफ्तर पहुंच गई है। मंगलवार सुबह साल्टलेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी अधिकारी नुसरत जहां से पूछताछ कर रही है। बता दें कि 2014-15 में 400 से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों ने एक कंपनी में पैसा जमा किया था। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से 5.5 लाख रुपये लिए गए और उन्हें इसके बदले में 1,000 वर्ग फुट का फ्लैट देने का वादा किया गया था। हालांकि, ऐसा नहीं किया गया और न तो किसी को फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस दिए गए। उस दौरान कंपनी की एकमात्र निदेशक नुसरत जहां ही थी। भाजपा नेता शंकुदेव ने इस संबंध में ईडी कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद से ईडी ने नुसरत पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। हालांकि, नुसरत ने दावा है कि वह ऐसी किसी कंपनी से नहीं जुड़ी हैं और मामले की जांच में पूरा सहयोग देंगी। हालांकि, इस मामले में जांच एजेंसी ने उक्त कार्पोरेट इकाई सेवन सेंस इंफ्रास्टक्चर प्राइवेट लिमिटेड के एक अन्य निदेशक राकेश सिंह को भी तलब किया है। इन्हें भी 12 सितंबर को कोलकाता के साल्टलेक स्थित केंद्रीय एजेंसी के सीजीओ कांप्लेक्स कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

फोटो: सुमित कुमार



**मॉक ड्रिल** राजधानी लखनऊ के हाई सिक्योरिटी जोन माने जाने वाले यूपी विधानसभा क्षेत्र में भवन के ऊपर मंगलवार दोपहर हेलीकॉप्टर मडराता रहा जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि यह सेना की मॉक ड्रिल थी जिसे आतंकी हमले या फिर किसी आपातस्थिति से बचने की तैयारियों के लिए किया गया।

## मणिपुर में फिर हिंसा, तीन की मौत, कांगगुई में फायरिंग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में मंगलवार सुबह अज्ञात लोगों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। हमला कांगगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई गांवों के बीच हुआ। जब सुबह करीब 8.20 बजे अज्ञात लोगों ने ग्रामीणों पर गोलियां चलाईं। इससे पहले 8 सितंबर को टेंग्नौपाल के पल्लेल में भड़की हिंसा में भी तीन लोग मारे गए थे और 50 से अधिक घायल हो गए थे।

आरक्षण को लेकर मणिपुर में शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। अब बिष्णुपुर में बुधवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने तोरबुंग में एंट्री के लिए सेना के बैरिकेड पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। हालात पर काबू के लिए आएएफ, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के जवानों ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें करीब 28 लोग घायल हो गए। शाम तक प्रदर्शनकारी मौके पर डटे हुए थे और तोरबुंग में जाने पर अड़े थे। इनका कहना है कि मई में हिंसा भड़कने पर ये लोग तोरबुंग से चले गए थे, लेकिन अब अपने घरों में लौटना चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि कुछ हथियारबंद लोगों ने आरएएफ टीम और एक दंगा-नियंत्रण वाहन पर गोलीबारी की, जिससे चालक और एक सहयोगी को चोटें आईं।

# अंजुमने रौनके दीने इस्लाम ने नोटिस वापस लेने की मांग की

## » चौक पुलिस को लिखा पत्र, शांति से निकाला गया जुलूस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। अंजुमने रौनके दीने इस्लाम ने पुलिस द्वारा भेजे गए नोटिस को कोरा व कपोलकल्पित बताते हुए इसे रद करने की मांग की है। इस कमेटी ने थाना चौक के प्रभारी को भेजे गए पत्र में कहा है अराजक तत्वों ने झूठे आरोप लगाएं हैं।

अंजुमन ने कभी सरकारी आदेश की अवहेलना नही की। उसने कभी भी किसी आम नागरिक को हानि नहीं पहुंचाई है। अंजुमन ने जब भी कोई जुलूस निकाला है उसे शांतिपूर्ण तरीके से निकाला है। अंजमन से जुड़े सैकड़ों लोगों ने हमेशा भाईचारा का ध्यान रखा है।

## 100 वर्ष से समाज की सेवा में जुटे हैं हम

कमेटी ने कहा हमारा प्राचीन अंजुमन 100 वर्ष से समाज के शैक्षिक नैतिक एवं बौद्धिक उन्नयन हेतु प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मनगढ़त आरोप लगाकर हमारे को प्रतिबंधित किये जाने एवं सुसंगतों में विधिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी देकर न केवल हमारे अंजुमन को वरन पूरे शिया सम्प्रदाय जो कि एक शांतिप्रिय समुदाय है की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया है। अपने पत्र में अंजुमने रौनके दिने इस्लाम ने लिखा कि 100 वर्षों से अधिक प्राचीन है हम विभिन्न धार्मिक आयोजनों में प्रतिभाग कर समाज को इस्लाम का वास्तविक संदेश जो कि धार्मिक सहिता एकता भईचारा के उसको फैलाने का काम कर रहा है। अंजुमन के लोग हमेशा नियत स्थान से कर्बला तालकटोरा पहुंचते है।

**जुलूस के दौरान कोई गलत कृत्य नही हुआ**

पूरे जुलूस के दौरान अजुमन के द्वारा ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया गया जिससे कि कोई भी असहज स्थित उत्पन्न हो। और ऐसी कोई भी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी। पूरे जुलूस की रिकॉर्डिंग लगागार की गई। उन्होंने लिखा कार्यक्रम को 3 घण्टे में अनुशासित तरीके से पूरा किया गया। साथ वस्तुस्थिति चेहल्लुम के दिन की खबरे समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई।

# योगी कैबिनेट में 19 में से 15 प्रस्तावों पर लगी मुहर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी सरकार ने आज कई योजनाओं को मंजूरी दे दी है। योगी कैबिनेट ने अयोध्या, फिरोजाबाद और सहारनपुर में नगरीय बसों के संचालन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एसपीवी का गठन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पासको मंजूरी दी है। इसके अलावा प्रदेश में नगर निकायों में आकांक्षी नगर योजना लागू किए जाने के लिए दिशा निर्देश निर्गत किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया है।

वहीं गोरखपुर में यूपी विशेष सुरक्षा बल की 2वीं वाहिनी की स्थापना हेतु आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पासकर दिया है। इसके अतिरिक्त शामली में एक नई पीएसी वाहिनी की स्थापना हेतु

## » अयोध्या, फिरोजाबाद और सहारनपुर में नगरीय बसों के संचालन के लिए कंपनी बनेगी

आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति को भी मंजूरी दे दी है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन के प्रस्ताव को भी पास कर दिया है। पर्यटन विभाग के बंद/घाटे में चल रहे पर्यटक आवास गृहों एवं टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, अयोध्या को पीपीपी मोड पर विकसित व संचालन किए जाने के प्रस्ताव भी कैबिनेट ने पास कर दिया है। इसके अलावा आगरा एयरपोर्ट पर नवीन सिविल एनक्लेव के विकास हेतु अतिरिक्त भूमि के खरीदने को लेकर प्रस्ताव पास कर दिया है। वहीं उन्नाव में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत धान क्रय नीति के संबंध में प्रस्ताव पास कर दिया गया है।



## पुलिस कर्मियों का मोटरसाइकिल भत्ता बढ़ा

उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नियुक्त आरक्षी/मुख्य आरक्षी को प्रदत्त साइकिल भत्ता को मोटर साइकिल भत्ते में परिवर्तित कर इसे 200 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह अनुमन्य किए जाने का प्रस्ताव किया गया। वहीं संभल की पुलिस लाइन में आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास हुबा है। औरैया के पुलिस लाइन में आवासीय/ अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंधी प्रस्ताव पास कर दिया है।

## लखनऊ में महिला पुलिस बटालियन के भवनों को स्वीकृति

लखनऊ में वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की स्थापना हेतु आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास कर दिया है। वहीं लखनऊ में यूपी विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय एवं 1वीं वाहिनी विशेष सुरक्षा बल की स्थापना हेतु आवासीय/ अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।